
# ब्रह्मोस भारत की ताकत : राजनाथ

▸ योगी ने ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को दिखाई झंडी

**लखनऊ, 18 अक्टूबर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई में निर्मित मिसाइलों की पहली खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**

इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे विरोधी अब ब्रह्मोस से बच नहीं पाएंगे. पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में है. उन्होंने कहा मैंने इस परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया है. रुद्राक्ष को वैसे भी



महादेव का रूप माना जाता है. मैं चाहता हूँ इस परिसर पर महादेव का आशीर्वाद बना रहे. हमारे विरोधी अब ब्रह्मोस से बच नहीं पाएंगे. पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में है. ऑपरेशन से दूर तो केवल एक ट्रेलर था उसे ट्रेलर नहीं पाकिस्तान को यह एहसास दिला दिया अगर भारत-पाकिस्तान को जन्म दे सकता है तो समय आने पर क्या कर सकता है या मुझे बोलने की जरूरत नहीं. मुख्यमंत्री योगी ने कहा, यह आत्मनिर्भर भारत की नींव है... अब तक हमने छह नोड्स में इसके लिए 2,500 एकड़ से ज़्यादा ज़मीन उपलब्ध कराई है. इसके जरिए राज्य के 15,000 से ज़्यादा युवाओं को रोज़गार मिला है. ब्रह्मोस के महानिदेशक और रक्षा मंत्री ने हाल ही में हमें 40 करोड़ का जीएसटी चेक प्रदान किया.

**हर साल बनाई जाएगी 100 ब्रह्मोस मिसाइलें**

उन्होंने कहा जब हर साल 100 ब्रह्मोस मिसाइलें बनाई जाएंगी और भविष्य में इनकी क्षमता बढ़कर 150 हो जाएगी, तो राज्य सरकार को इन मिसाइलों से जीएसटी के माध्यम से सालाना 150 से 200 करोड़ प्राप्त होंगे. एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह न केवल उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे (यूपीडीआईसी) के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के संकल्प को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा. बयान में कहा गया है कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली के निर्माता, ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने लखनऊ के सरोजिनी नगर स्थित अपने नए एकीकरण और परीक्षण केंद्र से इस मिसाइल प्रणाली की पहली खेप का सफलतापूर्वक उत्पादन किया है. यह अत्याधुनिक इकाई, जिसका उद्घाटन 11 मई, 2025 को हुआ था.

# गरीब रथ एक्सप्रेस में लगी भीषण आग

**सरहिंद जंक्शन पर हादसा तीन कोच जलकर खाक**

**फतेहगढ़ साहिब 18 अक्टूबर. अमृतसर से सहरसा जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस में शनिवार सुबह करीब सवा सात बजे आग लग गई। ट्रेन के तीन जनरल एसी कोच आग की चपेट में आ गए,जिनमें 125 यात्री सवार थे. हादसा सरहिंद जंक्शन के आउटर पर हुआ.**

हादसे में बिहार की रहने वाली जीरा देवी गंभीर रूप से झुलस गई. अमृतसर से चलकर सहरसा जाने वाली गरीब रथ एक्प्रेस के तीन एसी जनरल कोच आग की चपेट में आ गए. ट्रेन सुबह 7 बजकर 22 मिनट पर सरहिंद रेलवे जंक्शन से क्रॉस हो रही थी, जिस समय उसके



कोच संख्या 19 से धुआं निकलता देखा गया. जिसके बाद तुरंत ट्रेन को सरहिंद जंक्शन के आउटर पर ब्राह्मण माजरा फ्लाई ओवर के नीचे रोक दिया गया. तब तक कोच संख्या 19 में लगी आग से कोच नंबर 18 और 20 भी आंशिक रुप से चपेट में आ गए थे. ट्रेन रोकने के बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. हादसे में एक महिला झुलस गई.

**तीन कोच में सवार थे 125 लोग:** आग की चपेट में आने वाले तीन कोच में 125 यात्री सवार थे। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि बिहार के छपरा जिले के सदवाही की रहने वाली एक महिला जीरा देवी आग की चपेट में आने से झुलस गई।

## नौका दुर्घटना में तीन भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली 18 अक्टूबर (वार्ता)** पूर्वी अफ्रीकी देश मोजाम्बिक में बेइरा बंदरगाह के पास एक भयानक नौका दुर्घटना में तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई और पांच अन्य लापता बताए जा रहे हैं.

मोजाम्बिक स्थित भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को हुई इस घटना की पुष्टि करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति शोक और संवेदना व्यक्त की है. उच्चायोग ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि दुर्घटना के बाद खोज और बचाव कार्य जारी है. उच्चायोग स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है. उच्चायोग ने कहा है कि अधिकारी इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है.


# जियो की ग्राहक संख्या 50 करोड़ पार

**पांच प्रतिशत ट्रैफिक ने बनाया नया रिकॉर्ड**

**दूसरी तिमाही में 7,379 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज**

**मुंबई, 18 अक्टूबर. रिलायंस जियो ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 7,379 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 12.8 फीसदी अधिक है.**

रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूसरी तिमाही के नतीजों में यह जानकारी सामने आई. कंपनी के अनुसार, जियो प्लेटफॉर्म्स का 17.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 18,757 करोड़ तक पहुंच गया है. इस अवधि में जियो के ग्राहक आधार में 83 लाख की वृद्धि दर्ज की गई और सितंबर 2025 तक कुल ग्राहक संख्या 50 करोड़ 64 लाख से अधिक हो गई जो भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है. स तिमाही में जियो नेटवर्क ने 58.4 अरब जीबी डेटा ट्रैफिक संभाला, जबकि वॉयस ट्रैफिक 1.5 ट्रिलियन मिनट्स तक पहुंच गया. कंपनी ने बताया कि वायरलेस डेटा ट्रैफिक में 5 प्रतिशत का योगदान अब लगभग 50 प्रतिशत हो गया है. जियोट्रू 5 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़कर 23 करोड़ 40 लाख को पार कर गई है. कंपनी के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि जियो ने 50 करोड़ से अधिक ग्राहकों को डिजिटल सेवाएं प्रदान कर भारत में तकनीकी क्रांति को नई दिशा दी है.



जियो पूरी तरह मेड इन इंडिया तकनीक को न केवल देशभर में लागू कर रहा है, बल्कि अब इसे वैश्विक स्तर पर ले जाने की तैयारी में है. कंपनी की फिक्स्ड ब्रॉडबैंड सेवा ने भी इस तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया है. हर महीने औसतन 10 लाख नए घर जुड़े, जिससे कुल जुड़े परिसरों की संख्या 2 करोड़ 30 लाख तक पहुंच गई. वहीं, जियो एयरफाइबर ने दुनिया में अग्रणी स्थिति कायम रखते हुए अपना सब्सक्राइबर बेस बढ़ाकर 95 लाख कर लिया है. जियो का कहना है निरंतर तकनीकी नवाचार, विस्तारित नेटवर्क और सस्ती डिजिटल सेवाओं ने कंपनी को भारत के सबसे बड़े कनेक्टिविटी प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया है.

# भारत की यह गलतफहमी कि वह महफूज है : आसिम मुनीर

## पाकिस्तान के आर्मी चीफ की गीदड़ भभकी

**इस्लामाबाद 18 अक्टूबर. पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने शनिवार को फिर से भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी की है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास ऐसे हथियार हैं, जो कही भी जाकर हमला कर सकते हैं. मुनीर ने कहा कि भारत की यह गलतफहमी कि वह अपनी बड़े होने की वजह से (एरिया में) महफूज है, जल्द खत्म हो जाएगी.**

मुनीर ने ये बातें सैन्य अकादमी में एक पासिंग परेड को संबोधित करने के दौरान कही. उन्होंने कहा कि परमाणु शक्ति वाले माहौल में



जंग की कोई जगह नहीं है. अगर दोनों देशों के बीच कोई जंग हुई तो पाकिस्तानी सेना का जवाब उम्मीद से कहीं बढ़कर होगा, जिसके बारे में हमला करने वाले ने सोचा भी नहीं होगा. मुनीर ने कहा कि ऑपरेशन बुनीयान-उम-मारसूज के दौरान पाकिस्तान आर्मी ने अपनी काबिलियत दिखाई.

# रिलायंस डिजिटल में फेस्टिवल ऑफर शुरू

**26 तक गैजेट्स और होम अप्लायंसेज पर जबरदस्त छूट**

**प्रमुख बैंक कार्ड्स पर 20,000 तक की छूट**

**मुंबई, 19 अक्टूबर. त्यौहारों के मौसम में रिलायंस डिजिटल ने ग्राहकों के लिए 'फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स' की शुरुआत की है.**

इस दौरान उपभोक्ता स्मार्ट गैजेट्स से लेकर घरेलू उपकरणों तक पर आकर्षक ऑफर्स और छूट का लाभ उठा सकते हैं. कंपनी का कहना है कि यह पहल त्योहारों को और यादगार बनाने और ग्राहकों को स्मार्ट शॉपिंग का अवसर देने के उद्देश्य से की गई है. रिलायंस डिजिटल के अनुसार, इन ऑफर्स के तहत प्रमुख बैंक कार्ड्स पर 20,000 तक की तत्काल छूट और पेपर फाइनेंस के माध्यम से 30,000 तक का कैशबैक उपलब्ध है. जियो का मुनाफा 12.8 प्रतिशत बढ़ कर 7,379 करोड़, ग्राहक संख्या 50 करोड़ पार हो गया है. 5 प्रतिशत डेटा ट्रैफिक का हिस्सा पहुंचा 50 प्रतिशत, जियो एयरफाइबर 95 लाख यूजर्स तक पहुंचा गया. इसके अतिरिक्त टॉप लोड वाशिंग मशीन मात्र 10,990 रु. से, छोटे घरेलू उपकरणों पर 15 फीसदी तक की छूट व व्यक्तिगत ऑडियो, टैबलेट व तकनीकी सहायक उपकरणों पर 5 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध है.

कंपनी ने बताया कि चयनित उत्पादों पर जीएसटी-कम कीमतों के साथ अतिरिक्त लाभ भी दिए जा रहे हैं, ताकि ग्राहक अधिक बचत कर सकें. कंपनी का कहना है कि यह फेस्टिवल ग्राहकों को अपने घरों को अपग्रेड करने और इस त्योहारी सीजन को स्टाइल में मनाने का मौका देता है. सीमित अवधि का ऑफर है, जो 26 अक्टूबर तक ही उपलब्ध रहेगा. इस उत्सव सेल में कुछ विशेष आकर्षक ऑफ़र प्रस्तुत किए गए हैं, जिनमें तोशिबा 65 इंच क्यूएलईडी टेलीविजन मात्र 45,990 रु.में, आईफोन 16 ई 44,990 रु. से प्रारम्भ, 1 टन 3 स्टार इन्वर्टर स्प्लिट एसी 17,990 रु. से शुरू है.

## एक नजर में



### दिल्ली में सांसदों के फ्लैट्स में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली 18 अक्टूबर.** राजधानी दिल्ली के डॉ. बिशंबर दास मार्ग स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट्स में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. यह अपार्टमेंट संसद भवन से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित है और यहां कई राज्यसभा सांसदों के फ्लैट हैं. दमकल विभाग को आग लगने की सूचना दोपहर 1:20 बजे मिली, जिसके तुरंत बाद छह दमकल गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं. आग ग्राउंड फ्लोर से शुरू होकर पहले और दूसरे फ्लोर तक पहुंच गई. तेज लपटों और धुएं के कारण आसपास के लोगों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया. दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास शुरू किए. घटनास्थल पर पुलिस बल और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए, जो राहत और बचाव कार्यों में जुट गए. इस दौरान अपार्टमेंट के बाहर भारी संख्या में लोग जमा हो गए, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और ट्रैफिक प्रभावित हुआ.

### ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रूय ने छोड़ी शाही उपाधियां

**लंदन 18 अक्टूबर.** ब्रिटेन के राजकुमार एंड्रयू ने अपनी शाही उपाधियां छोड़ने की घोषणा की हैं। इसमें ड्यूक ऑफ यार्क की उपाधि भी शामिल है, जो उन्हें उनकी मांग दिवंगत महारानी एलिजाबेथ ने दिया था। प्रिंस एंड्रय ने यह घोषणा



ऐसे समय में की है, जब बाल यौन शोषण के दोषी जेफरी एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर वह हाल के दिनों में तीखी आलोचना का शिकार रहे हैं। 65 वर्षीय एंड्रयू ने चौंकाने वाली घोषणा में कहा, मैं अब अपनी उपाधि या मुझे दिए गए सम्मानों का उपयोग नहीं करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनका यह फैसला ब्रिटेन के राष्ट्राध्यक्ष किंग चार्ल्स तृतीय के साथ चर्चा के बाद आया है। बकिंघम पैलेस से जारी एक बयान में एंड्रयू ने कहा, मैंने हमेशा की तरह अपने परिवार और देश के प्रति अपन कर्तव्य को सबसे ऊपर रखने का फैसला लिया है। उन्होंने आगे कहा, हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि मुझ पर लगातार लग रहे आरोप महामहिम और शाही परिवार के काम में बाधा डालते हैं। हालांकि, उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया।

# धार्मिक आयोजन बना बवाल की जड़

▸ गुजरात के माजरा गांव में तनाव, कई घरों में तोड़फोड़

**अहमाबाद, 18 अक्टूबर. गुजरात के शांत माने जाने वाले साबरकांठा जिले में शुक्रवार रात माहौल हिंसक हो उठा. एक धार्मिक आयोजन को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते आगजनी, पथराव और तोड़फोड़ में बदल गया.**

भारी पुलिस बल के बावजूद गांव में तनाव बरकरार है. गुजरात के साबरकांठा जिले के माजरा गांव में शुक्रवार रात दो समुदायों के बीच भड़की हिंसा ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया. एक धार्मिक आयोजन को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि



देखते ही देखते पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी शुरू हो गई. पुलिस के अनुसार, हिंसा रात करीब 10-30 बजे शुरू हुई जब दो समूहों के बीच कहासुनी हुई. कुछ ही देर में हालात बेकाबू हो गए और लोगों ने एक-दूसरे पर पथराव करना शुरू कर दिया. दंगाइयों ने 30 से अधिक वाहनों में आग लगा दी और कई घरों को भी नुकसान पहुंचाया. घटना में करीब 10 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है. घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है.

साबरकांठा के अतुल पटेल ने बताया कि अब तक 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है और करीब 110 से 120 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस गांव में फ्लैग मार्च कर रही है और वज्र जैसे दंगा नियंत्रण वाहनों को तैनात किया गया है. यह भी कहा कि हिंसा की जड़ पुरानी रंजिश थी, जो धार्मिक आयोजन के बहाने फिर से उभर आई. गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है.

## आज का इतिहास

1717 - फ्रांस, रूस और प्रशिया के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

1743 - स्वीडन और रूस के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

1787 - यहूदियों को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में समूह बनाकर प्रार्थना करने की इजाजत मिली।

1836 - ब्रिटेन की संसद में जन्म, विवाह और मृत्यु से संबंधित पंजीकरण स्वीकार किये गये।

1858 - हवाई द्वीप में पहला बैंक खोला गया।

1914 - लिथुवानिया ने जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण



# पावर ग्रिड को एसपीवी के माध्यम से ट्रांसमिशन जिम्मेदारी मिली

▸ आरईसीपीडीसीएल ने ट्रांसमिशन परियोजना सौंपा

**नईदिल्ली, 18 अक्टूबर.** आरईसीपीडीसीएल ने अंतरराज्यीय ट्रांसमिशन परियोजना की एसपीवी, एसआर डब्ल्यूआर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड को मेसर्स पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को सौंप दिया. आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड जो विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में महारत्न सीपीएसयू, आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, ने टीबीसीबी रूट के तहत आईएसटीएस ट्रांसमिशन परियोजना के लिए एक परियोजना विशिष्ट एसपीवी अर्थात एसआर डब्ल्यूआर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड को मेसर्स पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंप दिया. मेसर्स पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, बिल्ड, ओन, ऑपरेट एंड ट्रांसफर आधार पर ट्रांसमिशन परियोजना के विकास के लिए बोली प्रक्रिया समन्वयक आरईसीपीडीसीएल द्वारा आयोजित टैरिफ-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से सफल बोलीदाता के रूप में उभरी.

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल), जो विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में महारत्न सीपीएसयू, आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है ने टीबीसीबी रूट के तहत आईएसटीएस ट्रांसमिशन परियोजना के एक परियोजना विशिष्ट एसपीवी (स्पेशल पर्पज व्हीकल) अर्थात अनंतपुरम पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड को 17 अक्टूबर को मेसर्स शिवालय कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को सौंप दिया. मेसर्स शिवालय कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, बिल्ड, ओन, ऑपरेट एंड ट्रांसफर आधार पर ट्रांसमिशन परियोजना के विकास के लिए बोली प्रक्रिया समन्वयक आरईसीपीडीसीएल द्वारा आयोजित टैरिफ-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से सफल बोलीदाता के रूप में उभरी. आरईसीसीएल के सीईओ सौरभ रस्तोगी ने आरसीपीसीएल, शिवालया अमीट्रिक लिमिटेड और सेंट्रल ग्रेटर यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति शिवालया अमीट्रिक लिमिटेड के प्रमुख राजेश कुमार सिंह को दी.

## उग्रवादियों को किया गया गिरफ्तार

**इम्फाल, 18 अक्टूबर.** सुरक्षा बलों और पुलिस ने मणिपुर के थौबल और बिष्णुपुर जिलों में समन्वित अभियानों के दौरान प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के विभिन्न गुटों से जुड़े पांच सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है. केसीपी के एक सक्रिय कार्यकर्ता को शुक्रवार को थौबल जिले में उसके आवास से गिरफ्तार किया गया. वह कथित तौर पर जबरन वसूली, नए कार्यकर्ताओं की भर्ती और संगठन के लिए हथियारों और गोला-बारूद के परिवहन में शामिल था. वहीं, एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने केसीपी समूह के सदस्यों को आश्रय प्रदान करने के आरोप में बिष्णुपुर जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया.

# आपका जीवन खुशियों से भरे : केजरीवाल

**आप महिला विंग के कार्यक्रम में महिलाओं से की मुलाकात**

**नई दिल्ली, 18 अक्टूबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने महिला शक्ति के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए दिवाली से पहले खास स्नेहिल पहल की.**

पार्टी कार्यालय में आयोजित महिला विंग के दिवाली मिलन कार्यक्रम में शिरकत कर उन्होंने मां-बहनों से सीधे संवाद किया और त्योहार की बधाई दी. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के महिला विंग द्वारा आयोजित दिवाली मिलन समारोह में हिस्सा लिया. यह कार्यक्रम पार्टी



कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां दिल्ली और आसपास की सैकड़ों महिलाएं मौजूद थीं.

केजरीवाल ने मंच से संबोधित करते हुए सभी माताओं और बहनों को दीपावली व आने वाले सभी त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा, आपका जीवन खुशियों से भरा रहे, आपके परिवार में हमेशा सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे.

कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल महिलाओं से घुल-मिल गए और उनसे व्यक्तिगत तौर पर भी बातचीत की. उन्होंने कहा कि मां-बहनों का आशीर्वाद ही उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है.

इस अवसर पर पार्टी कार्यालय को दीपों और रंगोली से सजाया गया था. सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का माहौल बेहद जीवंत रहा. महिलाओं ने केजरीवाल के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उन्हें अपनी समस्याएं भी साझा कीं. पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर भी इस मिलन की तस्वीरें साझा कीं और लिखा, महिला विंग के दिवाली मिलन में माताओं-बहनों से मिलकर मन प्रसन्न हो गया.

**पथरदेवा में सभा ▸ कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने गिनाए छह बड़े प्रयास**

# किसानों की आय दोगुनी करना प्राथमिकता

▸ शिवराज बोले- अन्नदाता का सम्मान, सरकार की पहचान

▸ उत्पादन से लेकर दाम तक, हर स्तर पर सहारा

**देवरिया,18 अक्टूबर. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि देश के किसानों की आय को और बढ़ाते हुये उसे दोगुना करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है.**

जिला मुख्यालय से करीब बीस किलोमीटर दूर पथरदेवा में एक सभा को सम्बोधित करते



हुए चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि और किसान कल्याण विभाग का मुख्य उद्देश्य देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की आय बढ़ाना और पोषणयुक्त अनाज उपलब्ध कराना है. इसके लिए विभाग छह प्रमुख आयामों पर काम कर रहा है. जिसमें उत्पादन बढ़ाना, लागत घटाना, किसानों को उचित दाम दिलाना, नुकसान की भरपाई करना, कृषि का विविधीकरण बढ़ाना और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करना. इसके लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की गई है. जिसमें अनुसंधान और विकास को प्राथमिकता दी जायेगी. उन्होंने कहा कि किसान अच्छी फसल के लिए अच्छे बीज का प्रयोग करें और सरकार किसानों अच्छी बीज उपलब्ध करा रही है.

उन्होंने कहा कि करीब 11 सालों में देश में खाद्यान्न उत्पादन में करीब 40 फीसदी की वृद्धि हुई है. गेहूं, चावल, मक्का और सोयाबीन के उत्पादन में रिकॉर्ड हासिल किए गये हैं और आज देश इन फसलों में आत्मनिर्भर बन चुका है. भारत अभी भी दालों में आत्मनिर्भर नहीं है, जबकि यह विश्व का सबसे बड़ा दाल उत्पादक और उपभोक्ता देश है. इस कमी को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री के मार्ग दर्शन में दलहन मिशन शुरू किया गया है.

## दुर्गापुर रेप केस की पीड़िता को अस्पताल से मिली छुट्टी

**दुर्गापुर. 18 अक्टूबर.** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर रेप केस की पीड़ित को शनिवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई. 10 अक्टूबर को एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा का रेप किया गया था. अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि पीड़ित का इलाज और पूरी तरह जांच के बाद उसे घर भेजने का फैसला किया गया है.

पीड़ित 10 अक्टूबर को कॉलेज के एक दोस्त के साथ डिनर करने गई थी तभी कुछ लोगों ने उसके साथ रेप किया. मामले में पुलिस ने अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें पीड़िता का क्लासमेट भी शामिल है.

# रियर एडमिरल शांतनु झा ने संभाली कमान

**मुंबई 18 अक्टूबर. भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी रियर एडमिरल शांतनु झा, एनएम ने महाराष्ट्र नौसेना क्षेत्र (फोमा) की कमान संभाल ली। उन्होंने यह जिम्मेदारी रियर एडमिरल अनिल जग्गी से एक औपचारिक परेड समारोह में ग्रहण की, जो मुंबई स्थित आईएनएस कुंजली में आयोजित किया गया।**

रियर एडमिरल शांतनु झा का नौसेना में शानदार करियर तीन दशकों से अधिक का रहा है। उन्हें 1 जुलाई 1993 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) के स्नातक शांतनु झा नौवहन और दिशा निर्देशन के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने अपने करियर



के दौरान नौसेना की छह प्रमुख फ्रिगेट्स और डेस्ट्रॉयर्स, साथ ही विमानवाहक पोत आईएनएस विराट को भी नेविगेट किया है। शांतनु झा प्रतिष्ठित आईएनएस विक्रमादित्य पर बतौर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर भी सेवा दी है। उन्होंने प्रतिष्ठित आईएनएस विक्रॉ मादित्य पर बतौर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर भी सेवा दी है.

समुद्र में उनके कमांड अनुभव में आईएनएस निशांक, आईएनएस कोरा और आईएनएस सह्याद्री जैसे जहाजों की कमान शामिल है। स्टाफ असाइनमेंट्स के दौरान उन्होंने नई दिल्ली में नौसेना मुख्यालय में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इनमें ज्वाइंट डायरेक्टर (पर्सनल), नेवल असिस्टेंट टू वाइस चीफ ऑफ नेवल स्टाफ, कमोडोर (फॉरेन कोऑपरेशन) तथा कमोडोर (स्ट्रैटेजी, कॉन्सेप्ट्स एंड ट्रांसफॉर्मेशन) जैसे पद शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने तेहरान स्थित भारतीय दूतावास में भारत के नौसेना अताशे के रूप में भी सेवाएं दीं।